फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री राजेन्द्र सिंह समीजा, निवासी हाउस 8–9 नाकोडा नगर–1 दाउजी की बावड़ी बेडवास उदयपुर, जिला उदयपुर।

– अपीलांट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, कुम्भलगढ

– रेस्पोण्डेंट

किस्म मुकदमा– अपील सूचना का अधिकार **पत्रावली संख्या 10/2019**

कमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 02.05.2019 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी कुम्भलगढ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, कुम्भलगढ को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, कुम्भलगढ के द्वारा जरिये पत्रांकः–लो.सू.अ.प्रा./2019/424–25 दिनांक 08.04.2019 से प्राप्त रिपोर्टानुसार प्रार्थी के द्वारा चाही गयी सूचना के बिन्दु संख्या 1, 2 एवं 3 इस कार्यालय से संबंधित नहीं होने से उक्त आवेदन पत्र अनुसार इस कार्यालय द्वारा आवेदन पत्र में अंकित बिन्दु संख्या 1 जिला वन अधिकारी(डी0एफ0ओ0) राजसमन्द को, बिन्दु संख्या 2 एवं 3 तहसीलदार कुम्भलगढ़ व गढबोर को सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3)(1)(ii) के तहत अन्तरण कर प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराने बाबत् लिखा गया है। बिन्दु संख्या 4 की सूचना इस कार्यालय द्वारा प्रार्थी को प्रेषित की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी कुम्भलगढ की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुम्भलगढ की रिपोर्टानुसार चाही गई वांछित सूचना के बिन्दु संख्या 1 जिला वन अधिकारी(डी0एफ0ओ0) राजसमन्द व बिन्दु संख्या 2 व 3 तहसीलदार कुम्भलगढ़ एवं गढबोर को अन्तरण कर प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराने बाबत् लिखा गया तथा बिन्दु संख्या 4 की सूचना प्रार्थी को प्रेषित किये जाने से अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। इस संबंध मे प्रार्थी अपीलार्थी को जरिये डाक से सूचित किया जा चुका है। निर्णय की प्रति लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, कुम्भलगढ व अपीलार्थी को भिजवायी जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर सं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो। **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमन्द**	

न्यायालय जिला कलक्टर